# HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD

**CRIMINAL MISC. BAIL APPLICATION No. - 42221 of 2025**

Virendra Vishwakarma

.....Applicant(s)

Versus

State of U.P.

.....Opposite Party(s)

---

| | | |
|---|---|---|
| Counsel for Applicant(s) | : | Ankit Kumar Dubey, Ashutosh Kumar Shukla |
| Counsel for Opposite Party(s) | : | Ankit Mishra, G.A. |

---

**Court No. - 65**

**HON'BLE DR. GAUTAM CHOWDHARY, J.**

सूची पुनरीक्षित।

सूचनाकर्ता के विद्वान अधिवक्ता एवं विद्वान अपर शासकीय अधिवक्ता को सुना एवं पत्रावली का परिशीलन किया।

सूचनाकर्ता के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि इस न्यायालय के आदेश दिनांक 05.01.2026 के द्वारा अभियुक्त को अंतरिम जमानत पर इस शर्त के साथ मुक्त किया गया था कि "अभियुक्त कारागार से रिहा होने के उपरांत पीड़िता से विवाह करेगा तथा विवाह के पंजीकृत कराकर उसका प्रमाण पत्र अग्रिम नियत तिथि पर प्रस्तुत करेगा तथा सही अभियुक्त व आवेदक व्यक्तिगत रूप से अग्रिम नियत तिथि पर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे, चूकिं पीड़िता वर्तमान में गर्भवती है। इसलिए, वह व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थ है। इसलिए, कुछ समय प्रदान कर दिया जाय।

सूचनाकर्ता के विद्वान अधिवक्ता के तर्कों के अनुसरण में उन्हें यथाप्रार्थित समय प्रदान किया जाता है तथा न्यायालय के आदेश दिनांक 05.01.2026 के अनुपालन में उभय पक्ष व्यक्तिगत रूप से अग्रिम नियत तिथि पर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे।

तद्नुसार, इस वाद को दि० 17.02.2026 को अलांघनीय रूप से सूचीबद्ध किया जाय।

इस वाद में पारित अंतरिम आदेश, अग्रिम नियत तक प्रभावी रहेगा।

**(Dr. Gautam Chowdhary,J.)**

**February 9, 2026**

CP.sahani

Digitally signed by :-
CHANDRA PRAKASH SAHANI
High Court of Judicature at Allahabad